संख्या–1422 / 24 –1–2021-2422/2008

प्रेषक,

आनन्द कुमार त्रिपाठी,

अनु सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,

उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,

शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 31 दिसम्बर, 2021

विषय:-वित्तीय वर्ष 2021-22 के शासकीय आय-व्ययक में ओबरा 'सी' 2×660 मेगावाट तापीय विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक (वित्त), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 के पत्र संख्या-223/उ0नि0लि0/उ0मु0ले0(वित्त), दिनांक 31 अगस्त, 2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें। जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में ऊर्जा विभाग के अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्ष 4801-02-190-14-1409-30 में प्राविधानित रूपये 714,80,00,000/- (रूपये सात सौ चौदह करोड़ अस्सी लाख मात्र) के सापेक्ष अवशेष धनराशि रूपये 614,80,00,000/- (रूपये छ: सौ चौदह करोड़ अस्सी लाख मात्र) आहरित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया था।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त योजना हेतु समर्पण के उपरान्त शेष बची धनराशि की आवश्यकता के दृष्टिगत संशोधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

http://shasanadesh.up.nic.in

भवदीय,

आनन्द कुमार त्रिपाठी

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in